दिनांक 8 मई 2019

स्वच्छ भारत अभियान

स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

आयुक्त एस.के. सुंदरानी ने रामनगर मुक्तिधाम का किया औचक निरीक्षण

भिलाईनगर/नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त एस.के. सुंदरानी ने आज जोन क्रमांक 2 वार्ड 14 छेत्र अंतर्गत आने वाले रामनगर मुक्तिधाम का पूर्ण रूप से निरीक्षण किया! आयुक्त श्री सुंदरानी रामनगर मुक्तिधाम पहुंचकर वहां पर अंतिम संस्कार के लिए उपयोग किए जाने वाले स्रोत की जानकारी ली जिस पर मुक्तिधाम का देखरेख करने वाले निगम कर्मचारी कृष्णा देशमुख ने बताया कि लकड़ी एवं गोबर से बने कंडे दोनों का उपयोग दाह संस्कार के लिए किया जाता है! आयुक्त महोदय ने कहा कि दाह संस्कार के लिए लकड़ियों का उपयोग कम कर गोबर से बने कंडे का उपयोग बेहतर तरीके से किया जा सकता है क्योंकि इसकी लागत भी लकड़ियों से कम होती है तथा पर्यावरण के लिए भी लाभकारी है इसकी कार्य योजना तैयार करने के लिए जोन आयुक्त जोन क्रमांक 2 एवं शिक्षा प्रभारी को निर्देश दिए गए हैं!

आगे निरीक्षण करते हुए मुक्तिधाम के परिसीमन के भीतर स्थित उद्यान में पहुंचे जहां पर कार्य को अधूरा देख आयुक्त ने नाराजगी व्यक्त की तथा निर्माण नस्ती को अधिक समय तक रखने वाले कर्मचारी के विरुद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिए और उस स्थल पर वृक्षारोपण की सुरक्षा के लिए अंतिम संस्कार मे प्राथमिक रूप से उपयोग किए जाने वाले बॉस के माध्यम से घेरा करने का सुझाव देकर सिंचाई व्यवस्था दुरुस्त करने हेतु केयरटेकर को आदेशित करते हुए फटकार लगाई!

मुक्तिधाम के प्रथम भाग पर बैठक कमरे के समीप बगीचे नुमा स्थल पर कुर्सी लगाने एवं वृक्षों का रंग रोगन, विद्युत की पर्याप्त व्यवस्था, पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था करने हेतु आदेशित किया गया ताकि अंतिम क्रिया में आने वाले लोगों को असुविधा का सामना न करना पड़े!

मुक्तिधाम में दाह संस्कार से संबंधित विभिन्न प्रकार के शुल्क जमा करने आने वाले लोगों के लिए निर्धारित राशि शुल्क का लेखन कर काउंटर के बाहर चस्पा करने हेतु आदेशित किया गया ताकि शुल्क जमा करने में आसानी हो!

श्री सुंदरानी ने मुक्तिधाम में कार्यरत कर्मचारियों की उपस्थिति के बारे में जानकारी ली तथा व्यवस्था दुरुस्त करने उपरांत फिर से निरीक्षण करने की बात कही है!

निरीक्षण के दौरान जोन आयुक्त जोन क्रमांक 2 सुनील जैन, स्वास्थ्य प्रभारी धर्मेंद्र मिश्रा, शिक्षा प्रभारी वाई राजेंद्र राव , सहायक अभियंता वेशराम सिन्हा , उप अभियंता सुरेश केवलानी सहित निगम के अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे!

जनसम्पर्क अधिकारी

जल है तो कल है जल ही जीवन है!

Classic